हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 20 मई 2025

तापमान
अधिकतम 45 .8 डिग्री
न्यूनतम 25 .3 डिग्री

11 ड्राइंग तथा कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन



12 1243 लिंगानुपात के साथ भैणी चंद्रपाल ...



# परिवेदना समिति की बैठक में नहीं पहुंचे सीनियर अफसर, नाराज कैबिनेट मंत्री बोले-सस्पेंड करो

## ग्रीवेंस मीटिंग से जूनियर अफसरों को मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया बाहर

■ बेलगाम सीनियर अफसर मंत्री की बैठक से भी नहीं सरोकार, स्टेज पर विधायकों की कुर्सी को लेकर भी तकरार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

प्रशासनिक मशीनरी के अफसर बेलगाम हैं। इसकी बानगी सोमवार को विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी खुद देख ली। जिला विकास भवन में आयोजित ग्रीवेंस की मीटिंग में जब वरिष्ठ अधिकारी शामिल नहीं हुए तो मिनिस्टर की भौहें तन गई। और जूनियर अधिकारियों को बैठक से बाहर कर दिया। मंत्री ने ये कार्रवाई करने से पूर्व सीनियर अफसरों की गिनती करवाई। जब सीनियर अधिकारियों की संख्या नगण्य मिली तो मिनिस्टर ने जूनियर को भी बाहर जाने के आदेश दिए। ये फरमान सुनते ही कनिष्ठ अधिकारी एक दूसरे के मुंह की तरफ ताकने लगे। चूंकि आदेश मंत्री का था, नौकरी पर कोई आंच न आए, इसलिए ऑर्डर की पालना करना भी जरूरी था। सीनियर अफसरों के शामिल न होने की वजह से जिला परिषद के सदस्यों को मीटिंग में आमतौर पर शिकायत रहती ही है। लेकिन सोमवार को तो अधिकारियों ने मंत्री पंवार को भी कुछ नहीं समझा और बैठक में नहीं पहुंचे। ऐसे में फिर मंत्री पंवार का पारा चढ़ गया। जिला परिषद की मीटिंग के तो इतने बुरे हाल हैं कि इंजिनियर विंग से कनिष्ठ अभियंता ही भाग लेते हैं। कभी कभार जूनियर इंजिनियर से अगली पोस्ट एसडीओ बैठक में शामिल होता है। जबकि कार्यकारी अभियंता के मीटिंग में शामिल होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। किसी भी जूनियर के मीटिंग में शामिल होने की वजह से दिक्कत ये होती है कि जूनियर अफसर पूरे जिले के कामों को लेकर अपडेट नहीं दे पाता है। क्योंकि वह उसके अधिकारी क्षेत्र में ही नहीं होता है।



रोहतक। जिला विकास भवन में आयोजित ग्रीवेंस की मीटिंग लेते मंत्री कृष्ण लाल पंवार व अन्य अधिकारी।

### अधीक्षक अभियंता की मौजूदगी जरूरी

जिला परिषद की बैठक में बेशक इंजिनियर विंग के जिले के विभागाध्यक्ष अधीक्षक अभियंता भाग न लें। इसमें जिला परिषद सदस्य एतराज नहीं कर सकते हैं। क्योंकि अधीक्षक अभियंता का प्रोटोकॉल कमीश्नर के बराबर होता है। लेकिन जब मंत्री मीटिंग को चेयर कर रहा है तो अधीक्षक अभियंता को वहां मौजूद होना चाहिए। क्योंकि मंत्री का ओहदा कमिश्नर से बड़ा है। परिवेदना समिति की मीटिंग की अध्यक्षता आमतौर पर मंत्री इसके समान प्रोटोकॉल वाले ही करते हैं। कई बार सांसद को भी ग्रीवेंश की मीटिंग चेयर करने की जिम्मेदारी सरकार देती है।

### अव्यवस्था का आलम, हर कोई स्टेज पर पहली पंक्ति में बैठना चाहता है

बैठक शुरू होने के कुछ देर बाद ही रोहतक के विधायक बीबी बतरा और कलानौर की एमएलए शकुंतला खटक स्टेज पर पहुंची। लेकिन इन्हें अपनी सीट लेने में तकरार करनी पड़ी। प्रोटोकॉल के मुताबिक मंत्री के साथ वाली चेयर ही विधायकों की होती है। लेकिन मीटिंग में ऐसी व्यवस्था नहीं थी। एक और चुना हुआ प्रतिनिधि मंत्री की कुर्सी के साथ चेयर पर विराजमान था। ऐसे में विधायक बीबी बतरा और शकुंतला खटक को ये अखरा कि वे प्रोटोकॉल के अनुसार ही सीट ग्रहण करेंगे। मंत्री पंवार के साथ राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, जांगड़ा के साथ बीबी बतरा, बीबी बतरा के साथ शकुंतला खटक और खटक के साथ वाली कुर्सी पर नगर निगम के मेयर राम अवतार वाल्मीकि बैठे। ये कोई पहली मीटिंग नहीं थी जब चुने हुए प्रतिनिधियों के बैठने को लेकर अव्यवस्थाएं हों। हर बार ऐसा होता है। चुने हुए प्रतिनिधि बैठक में पहुंचते ही पहले से बैठे दूसरे लोग इधर-उधर की कुर्सी पर बैठने लग जाते हैं। कायदे से ऐसा नहीं होना चाहिए। जिसकी जहां सीट तय की हुई है, वह वहीं बैठे। लेकिन अव्यवस्थाओं का आलम ये है कि हर कोई स्टेज पर पहली पंक्ति में बैठना चाहता है।

## 13 में से 11 शिकायतों का किया निपटारा

### ओमेक्स सिटी प्रबंधन एक माह में बैंक गारंटी के 5 करोड़ जमा करवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने सोमवार को जिला विकास भवन में परिवेदना समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस मौके पर पूर्व निर्धारित 13 में से 11का निपटारा मंत्री पंवार ने किया। उन्होंने कहा कि कहा कि गुढान गांव में खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने के कार्य में बरती गई अनियमितता के दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए तथा संबंधित ठेकेदार पर जुर्माना लगाया जाए। मंत्री ने गुढान गांव में खेतों के कच्चे रास्ते को पक्का करने में बरती गई अनियमितता से संबंधित शिकायत की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने ओमेक्स सिटी से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए निर्देश दिए कि ओमेक्स सिटी द्वारा एक माह की अवधि के दौरान बैंक गारंटी की 5 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि को जमा करवाया जाए। ताकि आगामी कार्रवाई की जा सके।





रोहतक। जिला विकास भवन में परिवेदना समिति की बैठक लेते मंत्री कृष्ण लाल पंवार एवं समस्या रखता फरियादी।

### अनुपस्थित रहने वाले को नोटिस जारी किए जाए

मंत्री पंवार ने कहा कि मासिक बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले विभागाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाए। रिठाल नरवाल ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा दी गई शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गांव की फिरनी पर अवैध रूप से बनाए गए शेष 14 मकानों को हटाए तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। फिरनी से 17 अवैध मकान हटाए जा चुके है। माडौधी रागड़ान निवासी होशियार सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए कलानौर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे प्रजापत चौपाल के पीछे गली पर किए गए कब्जों को हटवाकर गली को खुलवाए।

### शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

गांव खेड़ी साध निवासी देवेंद्र सिंह की शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने स्थानीय कमल कॉलोनी निवासी छोटू राम शर्मा की प्रॉपर्टी आईडी में रकबा ठीक करवाने की शिकायत की सुनवाई करते हुए नगर निगम के अधिकारियों को शीघ्र रकबा दुरुस्त करवाने को कहा।



### बैठक में ये उपस्थित रहे

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, रोहतक के विधायक भारत भूषण बत्तरा, कलानौर की विधायक शकुंतला खटक, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, महम के उपमंडलाधीश दलबीर फोगाट, जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की संपदा अधिकारी श्वेता सुहाग, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला,दीपक हुड्डा, अनीता बुधवार, रमेश भाटिया, गुलशन निझावन आदि मौजूद रहे।

## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- नगर निगम चलाएगा हर वार्ड में सफाई अभियान।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### मदविः सेमेस्टर परीक्षा परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित बीए-इकोनोमिक्स, हिस्ट्री, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, मनोविज्ञान व भूगोल चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर, बीएससी-स्पोर्ट्स साइंस चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर, बीपीईएस चार वर्षीय के प्रथम सेमेस्टर, एमए-भूगोल एनईपी के प्रथम सेमेस्टर, एमए-इतिहास डीडीई के फ्रेश व री-अपीयर के प्रथम व चौथे सेमेस्टर, एमए-लोक प्रशासन डीडीई दूसरे सेमेस्टर की री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

### रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 31 मई से

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की बीटेक व बीआर्क दूसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षाएं 31 मई से प्रारंभ होंगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि परीक्षाओं की डेटशीट विवि वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगी।

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांव सांघी मोड़ बाईपास गोहाना रोड के पास से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान अजय निवासी गांव सांघी के रुप में हुई।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रोहतक।** सोमवार की सुबह हुए हादसे में राजस्थान के रहने वाले युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई डेड हाउस भेज दिया है। सड़क हादसे में मरने वाले युवक की पहचान राजकुमार के रूप में हुई। वह राजस्थान में चुरु जिले के पहाड़सर गांव का रहने वाला था।

### युवक को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुये युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया है। युवक से 1 किलो 130 ग्राम गांजा व 6150 रुपये बरामद हुए हैं। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। अशोका चौक के पास गश्त में मौजूद थी। युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।



सांपला। जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


### ऑपरेशन सिंदूर मे दिखाए गए पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली

**सांपला।** गढ़ी सापला किलोई हल्के की तरफ से भारतीय सेना के पाकिस्तानी आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर मे दिखाए गए साहस शौर्य और पराक्रम के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें देश भक्ति के नारे लगाए गए। यात्रा में शामिल लोगों ने देश की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। यात्रा की अगुवाई कर्नल राजेंद्र सिंह सुहाग, करनल सुरजीत राठी, सूबेदार आनंद सिंह, जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका , प्रदेश सह प्रभारी नागेंद्र शर्मा ने की । जिसमें मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री,डॉ अंकित बत्रा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि विजेंद्र इंदौर , मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री, जितेंद्र नांदल मकडोली मंडल अध्यक्ष, कुलदीप आसन मंडल अध्यक्ष, नवीन कौशिक चिड़ी मंडल अध्यक्ष, संचित नांदल,उदयभान सांपला मंडल प्रभारी, राज सिंह मंडल महामंत्री, महामंडलेश्वर विद्या स्वरूप महाराज , मंडल उपाध्यक्ष मुकेश देवी , मंडल उपाध्यक्ष श्रीनिवास सैनी , मंडल उपाध्यक्ष जसवीर कुलताना, मण्डल सचिव ऋतू मलिक , मंडल सचिव मनीष कौशिक , मंडल कोषाध्यक्ष महावीर धमीजा ,पार्षद मनजीत , पार्षद कमल,विकास डबास, रामनिवास गिझी, मनोज जांगड़ा विक्की खत्री , सोनू मकरौली मंडल महामंत्री, ब्लॉक समिति चेयरमैन टीनू खत्री , देवराज, कुलदीप चौहान,श्रीभगवान चुलियाना, संदीप गढ़ी सांपला, मनीष खत्री, सुरेंद्र, राजू, दिनेश खत्री, मनोज , राजीव खत्री, दीपक राठी, धनराज,अरविंद शुक्ला आदि शामिल हुए।

### अलग-अलग स्थानों से 4 युवक अवैध शराब सहित किए गिरफ्तार

■ 77 बोतल, 57 अध्धे व 30 पव्वे शराब बरामद

**रोहतक।** रोहतक पुलिस की टीम ने छापेमारी करते हुए अलग-अगल स्थानों से 4 युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया। युवकों के पास से 77 बोतल, 57 अध्धे व 30 पव्वे शराब बरामद हुई है। आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। सीआईए-2 स्टाफ के प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि हेड कांस्टेबल हरीश के नेतृत्व में सीआईए-2 स्टाफ की टीम गांव बहुअकबरपुर के एरिया में गश्त में मौजूद थी। मदीना फ्लाईओवर के पास गाड़ी में बैठे दो युवकों को काबू किया गया। युवकों की पहचान सुरजप्रकाश उर्फ मोनू निवासी गांव मदीना व अमरजीत पुत्र महेन्द्र निवासी गांव मदीना के रुप में हुई। गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी से 5 गता पेटी शराब मिली जिसमें 60 बोतल थी। मनोज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चांदी फ्लाईओवर के पास खड़े युवक को काबू किया। युवक की पहचान विशाल निवासी गांव चांदी के रूप में हुई।




निगरानी | निगम आयुक्त ने शहर के नालों का किया निरीक्षण

# नालों की सफाई निगरानी के लिए विशेष टीम का गठन किया जाएगा

## नालों की सफाई मानसून से पहले पूरी कर ली जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को बरसाती पानी निकासी के लिए सिचाई विश्राम गृह के साथ स्थित नाला, छोटूराम चौक, शांतमई चौक, कच्चा बेरी रोड, गोहाना रोड, शीला बाईपास तथा सेक्टर क्षेत्रों के नालों का निरीक्षण किया। इनकी निगरानी के लिए विशेष टीम का गठन करने का आदेश दिया गया है। मानसून के आगमन को ध्यान में रखते हुए बरसाती पानी की निकासी को लेकर कार्य योजना तैयार की जा रही है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न नालों का निरीक्षण किया गया है। कहा कि क्षेत्रों के नालों की सफाई मानसून से पहले पूरी कर ली जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बरसात के दौरान किसी भी स्थान पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पहले से कार्य योजना तैयार की जाए। जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष प्रबंध किए जाएंगे। आवश्यकतानुसार पंप सेट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा बरसात के समय त्वरित जल निकासी सुनिश्चित करने हेतु विशेष टीम का भी गठन किया जाएगा। आयुक्त ने कार्यालय में आयोजित तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक में निर्देश दिए कि नालों की सफाई कनिष्ठ अभियंताओं की निगरानी में समय पर पूर्ण की जाए। कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, नवीन कुमार धनखड़, सुरेंद्र सिंह, सहायक अभियंता शांत सुहाग, संजय बंसल, सत्यव्रत, सुनील शर्मा वीरेंद्र हुड्डा मौजूद रहे।



रोहतक। नालों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

हरिभूमि

# सहेली



हर कोई जीवन में सफलता चाहता है, नित्य सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूना चाहता है। इसके लिए सबसे जरूरी है आपका कॉन्फिडेंस लेवल स्ट्रॉन्ग हो। यह तभी संभव है, जब हम इसके लिए कॉन्शस रहेंगे, बड़े नहीं पहले छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे, खुद को तो मोटिवेट करेंगे ही, दूसरों को भी मोटिवेट करेंगे।

## सफलता की कुंजी सेल्फ-कॉन्फिडेंस

कवर स्टोरी

घनश्याम बादल

सही कहा गया है, 'इंसान तब नहीं हारता जब वह हार जाता है, वह तब हारता है, जब वह हार मान लेता है।' यदि इस बात को गहराई से समझा जाए तो स्पष्ट रूप से समझ में आ जाता है कि इंसान की हार तभी होती है, जब उसका कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास डगमगा जाता है। यह एक वास्तविकता है, इंसान की सक्सेस में उसके कॉन्फिडेंस का बहुत बड़ा रोल होता है। कॉन्फिडेंस की ताकत हमें लाइफ में कड़े से कड़े चैलेंज का सामना करने और सक्सेस की ओर बढ़ने में मदद करती है। कई बार ऐसी परिस्थितियां आ जाती हैं कि व्यक्ति अपना कॉन्फिडेंस खो बैठता है। आसान-सी परिस्थितियों को बहुत मुश्किल समझ कर खुद को 'स्ट्रेस' में डाल लेता है। इसीलिए इस बात का जानना बहुत जरूरी है कि हम अपना कॉन्फिडेंस कैसे बनाए रखें, इसे कैसे बढ़ाएं भी?



**जरूरी है मन में दृढ़ संकल्प:** कॉन्फिडेंस बढ़ाने के लिए सबसे पहले अपने सोचने का तरीका और आदतें बदलना बहुत जरूरी है। साथ ही साथ मन में एक दृढ़ संकल्प का होना भी जरूरी है कि हमें यह काम करना ही है, हर हाल में सक्सेस हासिल करनी ही है। साथ ही 'भले ही मैं हार जाऊं, लेकिन हार नहीं मानूंगी' का भाव भी हमारे भीतर बना रहना चाहिए।

**स्वयं को पहचानें और स्वीकारें:** आत्मविश्वास प्राप्त करने का पहला तरीका है कि खुद जैसी हैं, वैसा ही स्वीकार करें। इसी के साथ निरंतर अपनी क्षमताओं को निखारने का प्रयास करें। आत्मचिंतन करें और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक बनाए रखें।

**नेगेटिविटी से बचें:** नेगेटिविटी हमें नाकामयाबी की ओर ले जाती है। दूसरे की सक्सेस हमारे भीतर ईर्ष्या पैदा करती है, इसलिए नेगेटिव थिंकिंग से बचें और अपनी उपलब्धियों पर ध्यान दें। अपने बारे में पॉजिटिव बातें सोचें, ऐसे लोगों के साथ रहें, जो पॉजिटिव सोच रखते हैं, हमें इंस्पायर करते हैं।


**कुछ नया सीखें:** यदि आप चाहती हैं कि आपका कॉन्फिडेंस हमेशा बना रहे तो खुद को अपडेट रखें। नई-नई स्किल्स सीखें, अपने प्रोफेशन से जुड़ी बुक्स पढ़ें और अपना स्किल डेवलप करती रहें। किसी भी फील्ड में महारत हासिल करना आपके कॉन्फिडेंस को बढ़ाने में मदद करता है। कभी भी नए काम, नया लक्ष्य, नई तकनीक से डरें नहीं, इसे आगे बढ़कर अपनाएं। यह प्रवृत्ति आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ाती रहेगी।

**असफलता से डरें नहीं:** जीवन में सफलता के साथ असफलताएं भी मिलती हैं। असफलताओं से कभी डरें नहीं, इन्हें सीखने का अवसर समझें, मतलब गलतियों से सीखें और अगली बार बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। हर छोटी से छोटी सफलता को सेलिब्रेट करें, इससे आपका मनोबल बढ़ेगा।

**मोटिवेशनल बनें:** जीवन में मोटिवेशन यानी अभिप्रेरणा का बहुत बड़ा रोल होता है। अच्छे कामों के लिए स्वयं को तो मोटिवेट करें ही, साथ ही अपने साथियों को भी इसके लिए मोटिवेट करें। मोटिवेशनल बुक्स पढ़ें, वीडियो देखें और पॉडकास्ट सुनें। अपने रोल मॉडल की पर्सनालिटी से इंस्पायर हों।

### बॉडी लैंग्वेज भी है इंपॉर्टेंट

आपका कॉन्फिडेंस केवल आपके काम में ही नहीं, आपके हाव-भाव में भी दिखना



चाहिए। इसलिए किसी से मिलते, बात करते समय अपनी बॉडी लैंग्वेज का ध्यान रखें, सही मुद्राएं अपनाएं, सामने वाले से आंखों से आंखें मिलाकर बात करें, अच्छा हो चेहरे पर मुस्कान भी हो। सबसे बड़ी बात समस्याओं से भाग कर नहीं, उनका सामना करके, उनका हल निकालने की सकारात्मक सोच रखें। इससे आपकी सभी समस्याओं का हल अवश्य निकलेगा।

**कभी दूसरों से तुलना न करें:** जीवन में कॉन्फिडेंस के डगमगाने की एक बड़ी वजह यह भी होती है, दूसरों के साथ अपनी तुलना। इस बात को समझें कि आपकी अपनी एक अलग पर्सनालिटी है, गुण-अवगुण हैं। इसलिए अपनी तुलना कभी दूसरों से न करें। अपनी प्रोग्रेस पर ध्यान दें, इसमें लगातार सुधार करती रहें। हर व्यक्ति की अपनी विशेषताएं होती हैं, आप भी अपनी विशेषताओं को पहचानकर उन्हें निखारें, अपने करियर को नई ऊंचाई दें।

**स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं:** मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे आत्मविश्वास पर गहरे रूप से पड़ता है। इसलिए आत्मविश्वास के लिए जरूरी है कि हम मानसिक-शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम करें, इससे मानसिक मजबूती भी बढ़ती है, साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सही खान-पान अपनाएं और पर्याप्त नींद लें। मानसिक स्वास्थ्य के लिए चित्त को शांत रखें। नित्य ध्यान-योग करें, इससे मानसिक शांति मिलेगी।

**बनाएं छोटे-छोटे लक्ष्य:** हमेशा आत्मविश्वास से भरी रहें, इसके लिए अच्छा यही है कि आप लंबे-लंबे लक्ष्य निर्धारित न करके छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं और इन्हें पूरा करने की आदत बनाएं। हर पूरा हुआ लक्ष्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। छोटे-छोटे लक्ष्य के बाद धीरे-धीरे बड़े लक्ष्यों की ओर बढ़ें। आप जरूर सफल होंगी।

**खुद को दें चैलेंज:** कभी भी नए एक्सपीरियंस लेने से घबराएं नहीं। अपने डर का मुकाबला करें, इनसे सीखें। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि



जीवन में जितने डर होते हैं, उनमें से केवल एक या दो प्रतिशत ही सही निकलते हैं, इसलिए कभी डरिए नहीं। डर की वजह से खुद को सीमाओं में न बांधें, निरंतर नए अवसरों की तलाश में रहें। यह सोच आपको सफलता के शिखर पर पहुंचाएगी।

## जीत का जश्न मनाएं हार से उबरना सिखाएं

यह सच है कि जीवन में हार-जीत लगी रहती है। लेकिन कुछ पैरेंट्स अपने बच्चे से हमेशा जीतने, फर्स्ट आने की ही उम्मीद करते हैं, हारने पर उसे ताने देते हैं। इससे बच्चे का मनोबल टूटता है। बच्चे को जीत-हार का महत्व समझाने के लिए जरूरी है कि जिस तरह उसकी जीत का जश्न मनाया जाए, उसी तरह उसे हार से उबरना भी सिखाया जाए।

बच्चे और आप

नीलम अरोड़ा



अधिकतर पैरेंट्स, अपने बच्चे की सफलता पर जितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं, उसकी असफलता पर वे बहुत निराश हो जाते हैं। इसका बच्चों की मानसिकता पर बहुत गहरा असर पड़ता है। अगर आप जीतने पर बच्चों को जश्न मनाना, और अपनी खुशी दूसरों के साथ बांटना सिखाते हैं तो हार का सामना करना और उससे उबरना भी सिखाना होगा। आपको समझना होगा कि हम सभी प्रयास करने के बाद भी जीवन के किसी न किसी क्षेत्र में पीछे रह ही जाते हैं। ऑफिस में भी हम हर काम को अच्छे से परफॉर्म नहीं कर पाते। लेकिन इसका मतलब यह नहीं होता कि हम हिम्मत हारकर बैठ जाते हैं, जैसे हम जिंदगी की असफलताओं से दिन-रात जूझते हैं, ठीक उसी तरह हमें अपने बच्चों को भी फेल होता देखकर न तो स्वयं निराश होना चाहिए, न ही उन्हें निराश होने देना चाहिए। पैरेंट्स होने के नाते हमें बच्चों को बताना चाहिए कि हारना ही हम सबको जीतना सिखाती है। बच्चों को हार से उबारने और उनसे पार पाने के लिए हम आपको बता रहें हैं कुछ खास बातें, जिन्हें आपके लिए जानना जरूरी है।



**सभी बच्चे एक जैसे नहीं होते:** अगर आपका बच्चा किसी कठिन कार्य को जल्दी सीख नहीं पाता, तो इसके लिए उसे दोष नहीं देना चाहिए। क्योंकि हर बच्चे की प्रतिभा अलग-अलग होती है। हो सकता है आपका बच्चा खेल में अच्छा हो और पढ़ाई में औसत। इस बात को जब आप स्वयं स्वीकार करेंगे, तभी तो बच्चे को समझा पाएंगे। जहां उसकी प्रतिभा छुपी है, उसे उसी रास्ते पर आगे बढ़ने में मदद करें।

**हारने-जीतने पर दें सही प्रतिक्रिया:** कई पैरेंट्स जब अपने बच्चों के साथ घर में खेलते हैं तो उसकी खुशी के लिए, जानबूझकर हर बार हारते हैं। ऐसा करना गलत है, बच्चे को जीतने के साथ ही हार का सामना करना भी आना चाहिए। इसलिए जब आप बच्चे के साथ खेलें तो जानबूझकर उससे न हारें। अगर वो हार रहा है तो हारने के समय हौसला कैसे बनाए रखना है, इसकी प्रैक्टिस भी बतौर पैरेंट्स आपको जरूर करानी चाहिए। जिस तरह बच्चे के जीतने पर आप उसे खूब बधाई देती हैं, उसे सीने से लगा लेती हैं, क्या हारने पर उससे कुछ नहीं कहतीं? उसका हौसला बढ़ाने के लिए, उसे फिर से प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करती हैं? अगर आप इस तरह की प्रतिक्रिया देती हैं तो इसका बच्चे के मन पर सीधा असर होता है। इसलिए बच्चे के हारने या जीतने पर आपको कैसी प्रतिक्रिया देनी है, यह बात आपको जरूर समझनी चाहिए।

**बच्चे को सपोर्ट करें:** अगर बच्चे किसी भी प्रतिस्पर्धा या किसी खेल में जीत हासिल करने की ठान लेते हैं तो वे अपना जी जान लगा देते हैं। लेकिन जीतना एक कला है। जीतने के लिए योजना बनानी पड़ती है। ठीक उसी तरह, जैसे परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए एक टाइम टेबल बनाकर लगातार मेहनत करनी होती है। जिस तरह पढ़ाई में अच्छे मार्क्स लाने के लिए आप बच्चे को गाइड करती हैं, उसकी हेल्प करती हैं। उसी तरह किसी भी कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने या जीतने की उसकी योजना को सफल बनाने में भी आपका बहुत बड़ा रोल हो सकता है। इसलिए जितना अधिक संभव हो बच्चे को सपोर्ट करें।

**हार से निकलती है जीत की राह:** अगर आपका बच्चा किसी प्रतियोगिता में असफल रह जाए तो उसे उलाहना देने या दोष देने के बजाए, उसे हिम्मत दें। अगर बच्चा अपनी हार पर अफसोस जताए और कई दिनों तक हार के कारण अवसाद में रहे तो उसे समझाएं कि हार, सफलता की सीढ़ी पर चढ़ने का एक रास्ता है। उसे अगली बार ज्यादा तैयारी करने और निश्चित रूप से जीत हासिल करने के लिए प्रेरित करें। बच्चे को समझाएं कि इंसान कोशिश करता है, असफल होता है और फिर से कोशिश करता है।

## कहीं आप हमेशा तकरार के अंदाज में तो नहीं रहते

मैरीड लाइफ

संध्या सिंह

शायद ही कोई ऐसे पत्नी-पत्नी हों, जिनके बीच तकरार न होती हो। तकरार के कारणों का लंबे समय तक बना रहना, दांपत्य जीवन के लिए घातक है। दंपती टकराहट से बचकर आपसी सामंजस्य और सौहार्द से सुखी दांपत्य जीवन की राह पर आएं। ऐसा करना कठिन नहीं है।



पति-पत्नी के रिश्ते में अकसर तकरार होती ही रहती है। कोई भी नई-नवेली दुल्हन जब ससुराल में कदम रखती है तो उसे यहां आकर अपने सास-ससुर, देवर-देवरानी, ननद, जेठ-जेठानी और उनके बच्चों से अपने रिश्ते निभाने पड़ते हैं। साथ ही उसे अच्छी, सर्वगुण संपन्न सुशील बहू का भी रोल निभाना पड़ता है। घर-परिवार में पति-पत्नी के अलावा घर के दूसरे सदस्यों से भी कहा-सुनी हो ही जाती है, इसका इन रिश्तों पर जहां बुरे प्रभाव पड़ते हैं, पति के साथ भी तकरार, कलह-तनाव का कारण बनती है। लेकिन समझदार दंपती अपने दांपत्य को मधुर बनाए रखने के लिए सामंजस्य बैठाकर चलते हैं।

**पति के माता-पिता को लेकर गुस्सा न करें:** अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण पति द्वारा अपने माता-पिता को प्रेम और सम्मान देना होता है। कई पत्नियां ऐसी होती हैं, जिन्हें यह बात गले नहीं उतरती कि उनका पति अपने माता-पिता की सारी ख्वाहिशों को पूरा करे। अगर पति अपने माता-पिता पर खर्च करे, ऐसे में पत्नी कुछ ऐसी स्थितियां पैदा करती है कि दोनों के बीच उन्हें लेकर तकरार हो ही जाती है। पत्नी को समझना चाहिए कि पति पर उसके माता-पिता का अधिकार, पत्नी से भी कहीं ज्यादा है। माता-पिता ही उसकी जन्म से परवरिश करते हैं, दुनिया से रूबरू कराते हैं, निश्चित ही वे प्रेम और आदर के अधिकारी हैं। ऐसे में पति द्वारा अपने माता-पिता पर ध्यान देने पर पत्नी को कलह नहीं करनी चाहिए।


**ओवर रिएक्ट करने से बचें:** अकसर पत्नियां घर में सास-ससुर, ननद, जेठ-जेठानी की बातों और तानों को सुनकर गुस्से से जवाब देती हैं। इससे कई बार लड़ाई की नौबत भी आ जाती है। उनकी बातों पर ओवररिएक्ट करने के बजाय जहां बातें हो रही हों, वहां से उठकर चली जाएं। कहते हैं न, जहां दो बर्तन होते हैं, वो एक-दूसरे से टकराते ही हैं। तो ये रिश्ते भी ऐसे होते हैं, जिनमें थोड़ी बहुत तकरार चलती है। आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहे, इसलिए कुछ मामलों में चुप्पी साधना ही बेहतर है।

**सही समय पर करें शिकायत:** पति के मूड को देखकर सोच-समझकर बोलना चाहिए। पति के ऑफिस से लेट आने, दोस्तों के साथ इधर-उधर घूमने के कारण भी कुछ पत्नियां कलह करती हैं। पत्नी को चाहिए कि वह भीतर से भले ही गुस्सा हो, लेकिन गुस्से को सही समय पर व्यक्त करे। अगर पति का मूड खराब है तो चुप रहना ही बेहतर है। उनका मूड जब सही हो जाए तो उनसे पूछ सकती हैं, 'कल इतनी देर तक कहां थे?' समझदार पति सच बता देते हैं। अगर झूठ भी बोलें तो उन्हें अगली बार सच बोलने का मौका तो दें। कहने का मतलब है कि उनके घर में घुसते ही उन पर फायर न हों।

**घर के कामों में पति का लें सहयोग:** जिन घरों में पत्नियां कामकाजी होती हैं, वहां काम की अधिकता अकसर पति-पत्नी के बीच कलह का कारण बन जाती है। कई पति, पत्नी का हाथ इसलिए भी नहीं बंटा पाते, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं, उसमें कोई न कोई कमी पत्नी निकाल ही देती है। ऐसे में उन्हें लगता है, दूर रहने में ही भलाई है। कई पति तो घर के कामों को इसलिए नहीं करते, क्योंकि वे इसे अपनी प्रतिष्ठा के खिलाफ समझते हैं। ऐसे पतियों को समझना चाहिए, आज समय बदल चुका है। उन्हें पत्नी के कामों में हाथ बंटाना चाहिए।

**चुप रहना सिर्फ पत्नी नहीं, पति की भी जिम्मेदारी:** चुप रहना केवल पत्नी की ही जिम्मेदारी नहीं होती। कुछ मामलों में पति ही ज्यादा लड़ाई के लिए उकसाने वाले साबित होते हैं। कई मौकों पर पति को भी चुप्पी साधनी चाहिए। चुप्पी साधकर असलियत का पता लगाने के बाद ही पत्नी से इस बावत कोई बात करें। छोटी-छोटी गलतियों पर अपनी पत्नी को दूसरों के सामने बेइज्जत न करें, इसलिए खामोशी पत्नी या पति की हार नहीं बल्कि दोनो की जीत होती है।

## समर ट्रिप के दौरान करें स्किन की प्रॉपर केयर




केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

समर वेकेशंस में बहुत-से लोग बाहर घूमने-फिरने का प्रोग्राम बनाते हैं। लेकिन घूमने के दौरान अगर आप अपनी स्किन प्रोटेक्शन को लेकर जरूरी सावधानी नहीं बरतेंगी तो कई प्रॉब्लम्स को फेस करना पड़ सकता है। हमारी स्किन को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है, सूर्य की किरणें।

**सनस्क्रीन:** ट्रैवलिंग के दौरान आप सनस्क्रीन लोशन अपने साथ जरूर रखें, क्योंकि यही आपकी स्किन को टैन होने से बचा सकती है। सूर्य की किरणों के संपर्क में रहने से स्किन में टैनिंग होने लगती है। इसलिए इस सीजन में जब भी आप बाहर धूप में जाएं तो जाने से 20 मिनट पहले चेहरे और शरीर के खुले हिस्सों पर सनस्क्रीन का यूज करें। अगर आप धूप में एक घंटा या ज्यादा



समय तक रहें तो सनस्क्रीन का दुबारा यूज करें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है तो सनबर्न से बचने के लिए आप 30 या ज्यादा एस.पी.एफ. वाला सनस्क्रीन यूज करें। इसके अलावा आप मॉयश्चराइजर, रिहाइड्रेंट क्लींजर, हैंड क्रीम और लिप बाम भी साथ रखना न भूलें।

**स्क्रबिंग:** ऑयली स्किन को चमकाने और छिद्रों को साफ करने के लिए स्क्रब का यूज भी इस दौरान करना चाहिए। सी बीच पर खारे पानी में एंज्वॉय करने के बाद चेहरे को ताजे साफ पानी से धोएं। जब भी आप वापस अपने होटल के कमरे में पहुंचें तो चेहरे पर ठंडे दूध की मालिश करके छोड़ दें। इससे सनबर्न के प्रभाव को रोकने में मदद मिलेगी फिर चेहरे पर मॉयश्चराइजर लगाएं।



**मास्क:** फेस स्किन के लिए 'पील ऑफ मास्क' भी उपयोगी साबित होगा। शहद को अंडे के सफेद भाग में मिलाकर इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट तक लगा रहने के बाद इसे ताजे पानी से धो डालिए। इससे त्वचा कोमल-चमकदार बनती है।

**बालों का रखें ध्यान:** समुद्री पानी में नहाने से आपके बाल उलझ सकते हैं। समुद्री पानी में नहाते समय सिर को कैप से ढंकने से बालों को सूर्य की गर्मी और खारे पानी के नुकसान से बचाया जा सकता है। समुद्र में नहाने से पहले अपने बालों को सामान्य ताजे पानी से अच्छी तरह धोएं। बालों के छिद्र खुले होते हैं और बालों को धोने के बाद समुद्र में नहाने से बालों को नुकसान नहीं होगा। समुद्री पानी में नहाने के बाद बालों को हल्के हर्बल शैंपू से धो डालिए। शैंपू से धोने के बाद बालों में कंडीशनर या हेयर सीरम जरूर लगाएं।

## बढ़ती गर्मी में ऐसे करें बच्चों की केयर

एडवाइस

डॉ. अविनाश कुमार

एचओडी-पीडियाट्रिक-पीएमसीएच, धनबाद

गर्मी के मौसम में जरा-सी लापरवाही बरतने पर बच्चे बीमार हो सकते हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि आप उनके ड्रेसअप, डाइट और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। यहां पर हम आपको दे रहे हैं इससे रिलेटेड बहुत ही यूजफुल सजेशंस।



गर्मी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। बढ़ते तापमान और इस चिलचिलाती गर्मी से हर कोई बेहाल है। बड़े तो फिर भी अपनी सुरक्षा और बचाव के लिए कुछ उपाय कर लेते हैं, लेकिन बच्चे अपना ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों की प्रॉपर केयर करें।

**डाइट दें सही:** गर्मी के मौसम में बच्चों के खान-पान का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ध्यान रखें कि बच्चा ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर में न्यूट्रिशस डाइट समय पर लेता रहे। बीच-बीच में घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, छाछ, नारियल पानी या मौसमी फलों के रस भी उन्हें दे सकती हैं। नमक, चीनी, पानी और नीबू रस से बनी शिकंजी भी उन्हें पिलाएं। इस मौसम में बाजारू खाना न खुद खाएं और न बच्चों को खिलाएं क्योंकि दूषित भोजन खाने से फूड प्वॉइजनिंग होने का खतरा बना रहता है। इसलिए इससे परहेज करें।



**पहनाएं थिन ड्रेसेस:** इस सीजन में अपने बच्चों को लाइट कलर की कॉटन ड्रेसेस पहनाएं। ये ना केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि बच्चों के शरीर को हवादार भी रखते हैं। पसीने को भी ये कपड़े आसानी से सोखते हैं। सिंथेटिक फैब्रिक से बनी ड्रेसेस, शरीर से निकले पसीने को नहीं सोखती हैं और शरीर से देर तक पसीना चिपका रहता है। नतीजा घमौरियां निकल आती हैं।

**धूप से बचाएं:** इस मौसम में दिन के समय बच्चों को धूप में नहीं जाने दें। अगर बच्चा सुस्त दिखे तो उसका बॉडी टेंप्रेचर चेक करना चाहिए। अगर टेंप्रेचर ज्यादा लगे तो ठंडे पानी में कपड़े को भिगोकर तब तक उसके शरीर को पोछें, जब तक कि शरीर का तापमान सामान्य ना हो जाए।

**डिहाइड्रेशन से बचाएं:** गर्मी के मौसम में शरीर बहुत तेजी से पसीने के रूप में तरल (पानी) बाहर निकालता है। इसकी वजह से रक्त गाढ़ा होने लगता है। ऐसी स्थिति में शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए अपने बच्चों को दिन भर थोड़ी-थोड़ी देर में तरल पदार्थ देती रहें। ठंडा पानी और ठंडे पेय आपके बच्चे को राहत प्रदान करेंगे, पानी की कमी को पूरा करेंगे और शरीर के तापमान को भी बहुत हद तक कम करने में मदद करेंगे। जूस, शरबत पिलाने से बच्चे को अतिरिक्त ऊर्जा भी मिलेगी।

**रोज नहलाएं:** गर्मियों में बच्चों को ठंडे पानी से रोज नहलाना चाहिए। नहलाने से दो फायदे होते हैं। एक तो उनके शरीर का तापमान कम होता है और दूसरा उनकी त्वचा भी साफ होती है। जिससे त्वचा के रोम छिद्र भी खुल जाते हैं। जो पसीने को शरीर से आराम से निकलने में मदद करते हैं।

**टेंप्रेचर रखें मेंटेन:** घर के भीतर टेंप्रेचर को कम रखने के लिए एसी या कूलर का यूज करें। लेकिन इनका जरूरत से ज्यादा प्रयोग भी हानिकारक हो सकता है, क्योंकि एक निश्चित तापमान से कम होने पर शारीरिक क्रियाएं बाधित होती हैं। छोटे बच्चों के लिए 27 डिग्री से कम का तापमान अच्छा नहीं माना जाता है। अगर बच्चे बाहर से आएं तो उन्हें तुरंत एसी या कूलर के सामने जाने से बचाना चाहिए।

**न हो पेट का संक्रमण:** गर्मी के मौसम में पेट के संक्रमण से बचाने के लिए बच्चों को ताजा, घर का बना पौष्टिक भोजन ही खिलाएं और शुद्ध जल पीने के लिए दें।

प्रस्तुति: अलका 'सोनी'

## खबर संक्षेप

### लोक प्रशासन में सुनहरा करियरः प्रो. दहिया



**रोहतक।** अगर आप सीनियर सेकेंडरी (12वीं) की पढ़ाई पूरी करने के बाद समाज सेवा, नीति निर्माण और सरकारी कार्यों के संचालन में रुचि रखते हैं, तो लोक प्रशासन में करियर बनाना आपके लिए एक उत्तम विकल्प हो सकता है। यह क्षेत्र न केवल प्रतिष्ठित है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक सशक्त माध्यम है। लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बताया कि लोक प्रशासन वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सरकार की नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन और सार्वजनिक सेवाओं का कुशल प्रबंधन किया जाता है।

### विद्यालयों में 'शुगर बोर्ड' स्थापित करने की पहल

**रोहतक।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई ) द्वारा जारी नवीनतम परिपत्र में स्कूली छात्रों को अत्यधिक चीनी सेवन के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए सभी संबद्ध विद्यालयों में 'शुगर बोर्ड' स्थापित करने की पहल की गई है। इस कदम का उद्देश्य छात्रों को चीनी के सीमित एवं संतुलित सेवन के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ खानपान की ओर प्रोत्साहित करना है। मदवि के अंतर्गत इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने कहा कि यह एक अत्यंत प्रशंसनीय प्रयास है जो विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और भलाई के लिए बेहद आवश्यक है। "हमारा संस्थान स्कूलों में इस विषय पर जागरूकता फैलाने के लिए हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है।

# एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक पहल करते हुए तिलयार झील की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश दिया। यह अभियान यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में तथा 1 हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केएस बुधवार और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल मनवीर सिंह धनखड़ के निर्देशन में आयोजित किया गया। अभियान की समन्वयक भूमिका स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सुधीर मलिक व एनसीसी ऑफिसर डॉ. अनिल डूडी ने निभाई। अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने तिलयार झील के चारों ओर फैली गंदगी जैसे पॉलीथिन, प्लास्टिक की बोतल, गिलास, खाद्य सामग्री के रैपर, सूखी पत्तियां और झील के किनारे जमा मिट्टी व कचरे को हटाया। कैडेट्स ने न केवल झील के किनारों बल्कि झील के अंदरूनी हिस्सों की भी सफाई की। उन्होंने कचरे को इकट्ठा कर व्यवस्थित रूप से निस्तारित किया। कुलपति प्रो. एचएल वर्मा ने कहा कि युवाओं की यह भागीदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण बनती है और स्वच्छ भारत अभियान को सशक्त बनाती है।




**रोहतक।** तिल्यार झील की सफाई करते हुए बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के कैडेट्स। *फोटो : हरिभूमि*

### बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी की मुहिम

कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि ऐसे प्रयासों से यह संदेश जाता है कि जल स्रोतों का संरक्षण केवल सरकार या प्रशासन की ही नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। इस अवसर पर अधिष्ठाता इंजीनियरिंग प्रो. मुकेश सिंगला, इंजीनियरिंग विभाग से पंकज सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बाबा मस्तनाथ विवि में युद्ध में ड्रोन का नैतिक उपयोग पर वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत भौतिक विज्ञान विभाग (रसायन विज्ञान) द्वारा युद्ध में ड्रोन का उपयोग नैतिक है विषय पर एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में सार्वजनिक भाषण कौशल को विकसित करना तथा उन्हें ज्वलंत और समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार तार्किक एवं आत्मविश्वास पूर्वक व्यक्त करने के लिए प्रेरित करना रहा। यह कार्यक्रम विचारों, दृष्टिकोणों और नैतिक अवधारणाओं के आदान-प्रदान का एक सशक्त मंच बना, जिसमें छात्रों ने युद्ध के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के प्रयोग पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार साझा किए। सभी प्रतिभागियों ने न केवल विषय की गंभीरता को समझते हुए प्रस्तुति दी, बल्कि अनेक उदाहरणों, आंकड़ों और नैतिक तर्कों के माध्यम से अपनी बातों को मजबूती से रखा। कार्यक्रम के दौरान विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल ज्ञानवर्धन करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करते हैं। वाद-विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. मनोज कुमार एवं प्रो. रवि कुमार राणा ने निभाई, जिन्होंने प्रतिभागियों के विचारों का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया।

### यह रहे मौजूद

संयोजक एवं भौतिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. पल्लवी भारद्वाज ने छात्रों को नैतिक विषयों पर सोचने एवं बोलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. संगीता मलिक, आयोजन सचिव डॉ. अंशुल सिंह, डॉ. विनोद भाटिया, प्रो. पूजा बुधिराजा, डॉ. विजय डांगी आदि उपस्थित रहे।

## कुलपति ने दिए जांच के आदेश

# स्वास्थ्य विविद्यालय की प्राइवेट सिक्योरिटी पर गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

पीबीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय रोहतक को बियरर और अन्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अनुबंधित एक प्राइवेट फर्म एपी सिक्योरिटी सर्विसेज के खिलाफ लिखित शिकायत विश्वविद्यालय को मिली है। जिसमें कई अधिकारियों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। कुलपति ने मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. कुंदन मित्तल को जांच अधिकारी नियुक्त किया हैं और उन्हें जल्द से जल्द एक ही जांच के बाद एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। साथ ही यह मामला प्रधानमंत्री के शिकायत निवारण पोर्टल पर भी पहुंच चुका है, जिसमें विश्वविद्यालय के अधिकारियों से जवाब भी मांगा है।

जानकारी के अनुसार, फर्म के तीन पूर्व आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि पीजीआईएमएस के कई अधिकारियों के परिवार के सदस्यों और करीबी रिश्तेदारों को फर्म के माध्यम से यहां नियुक्ति दी गई है। जिनमें से कुछ बिना ड्यूटी दिए ही वेतन ले रहे हैं। इस समय फर्म के अंतर्गत 1,100 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी काम कर रहे हैं। साथ ही शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि आउटसोर्स कर्मचारियों के उपस्थिति रिकॉर्ड को समझौता ज्ञापन (एमओयू) में तय की गई शर्तों का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत कर्मियों द्वारा सत्यापित किया जा रहा था। यह भी कहा जा रहा है कि कंपनी द्वारा कर्मचारियों को गलत तरीके से अनुपस्थित चिन्हित करके मनमाने ढंग से वेतन काट लिया जाता है।पीजीआईएमएस के सूत्रों ने बताया कि जांच कमेटी ने शिकायतकर्ताओं और फर्म के सदस्यों के साथ सुनवाई की है। वे बैंक लेनदेन रिकॉर्ड और ड्यूटी रोस्टर की जांच कर रहे हैं। फर्म को यूएचएसआर और पीजीआई अधिकारियों को पारिवारिक संबंधों वाले सभी आउटसोर्स कर्मियों की लिस्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

### योग्यता की होगी जांच

मामला उजगार होने के बादअब इस बात की भी जांच हो रही है कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की योग्यता नौकरी की आवश्यकताओं से मेल खाती है या इसमें भी कोई गड़बड़झाला किया गया है। इसके लिए रिकार्ड मिलने के बाद ही स्पष्ट जानकारी मिल सकती है।

### कंपनी ने आरोपों को नकारा

वहीं सिक्योरिटी सर्विसेज इस शिकायत को निराधार बता रही है। फर्म का कहना है कि एमओयू के मुताबिक ही सभी पिछले आउटसोर्स कर्मचारियों को बरकरार रखा है। ऐसे में यहां किसी भी नियम का उलंघन नहीं किया है। शिकायतकर्ताओं को कुछ दिन पहले नौकरी से निकाल दिया गया था। इसलिए वह बेवजह आरोप लगा रहे हैं।

# कलानौर स्थित टिकाणा सति भाई साई दास में महंत सतीश दास चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास




हरिभूमि न्यूज ▶▶|रोहतक

कलानौर स्थित टिकाणा सति भाई साई दास में गद्दीनशीन महंत रामसुखदास महाराज व विभिन्न गुरु गद्दियों के संत महापुरुषों के सानिध्य 100 बेड वाले अत्याधुनिक महंत सतीश दास चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, डॉ. अनिल बिरला, डॉ. एचके अग्रवाल, डॉ. आदित्य बत्रा, डॉ. करण भूटानी और डॉक्टर सतीश चुघ रहे। इस मौके पर हवन का आयोजन किया गया, इसके बाद भूमि पूजन कर अस्पताल की नींव रखी गयी। राजेश जैन ने कहा कि टिकाणा सति भाई साई दास के माध्यम से पहले से ही भोजन, जल और स्वाथ्य के सेवाएं आमजन तक पहुंच रही हैं और इस अस्पताल के बाद तो चिकित्सा के क्षेत्र में कलानौर और आसपास के लोगों को और अधिक बेहतर सुविधांए प्राप्त होंगी। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने कहा कि टिकाणा सति भाई साई दास का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। महंत रामसुखदास महाराज ने सभी का धन्यवाद किया। राजेश जैन द्वारा आश्रम में पहले से चल रही लैब में एक लेटेस्ट ब्लड टेस्टिंग मशीन भेंट कर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर रघुनाथ दास महाराज, शिवराम दास महाराज, रघुनन्दन दास महाराज, शिवांश दास महाराज, नरेश आनंद, दीपक आनंद, पवन चौधरी,रेनू डाबला आदि मौजूद रहे।

- हवन का आयोजन किया गया इसके बाद भूमि पूजन कर अस्पताल की नींव रखी गई

# शूटिंग में प्राची का शानदार प्रदर्शन

स्कूल प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने सराहा

**रोहतक।** हाल ही में दिल्ली में आयोजित पूर्व राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में सांगवान स्कूल की छात्रा प्राची सांगवान ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। गौरतलब है कि अभी पिछले साल ही स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान ने विद्यालय में शूटिंग रेंज हॉल का उद्घाटन किया था और ये उम्मीद जताई थी कि इस शूटिंग रेंज के माध्यम से हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर प्रदर्शन करके स्कूल व अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।




### राज्य स्तरीय स्पर्धा में बनाई जगह

विद्यालय की छात्रा प्राची सांगवान ने राज्य स्तर पर होने वाली शूटिंग प्रतियोगिता में अपना स्थान चयनित करके इसका आगाज कर दिया है। प्राची की सफलता पर स्कूल प्रबंधक राजेश सांगवान, स्कूल प्रधानाचार्य मनीषा सांगवान और स्कूल कोऑर्डिनेटर प्रमिला सांगवान ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और बाकी विद्यार्थियों को भी इसी तरह से आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

# केवीएम पब्लिक स्कूल में स्टोरी टेलिंग कंपटीशन का आयोजन




**रोहतक।** केवीएम स्कूल में स्टोरी टेलिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के बच्चों ने भाग लिया। सभी छात्र अपने प्रॉप्स के साथ कहानी सुनाने आए।

प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को स्कूल प्रधानाचार्या मीना कौशिक व प्रीति बजाड़ ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# पठानिया पब्लिक स्कूल में ड्राइंग तथा कलरिंग स्पर्धा का आयोजन

हरिभुमि न्युज ▶▶|रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी एवं केजी के लिए ड्राइंग तथा कलरिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नर्सरी व केजी के 250 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों ने अलग-अलग थीम पर चित्र बनाए एवं उनमें रंग भरा।



विभिन्न रंगों से सूरज, पेड़, फल एवं कार्टून आदि बनाकर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रिया सपड़ा ने निभाई। प्रतियोगिता का आयोजन सुचिता आहूजा, एकता, हरलीन, नीरज, रीतू एवं वीना सहगल ने किया। स्कूल को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



### रोहतक के पांच साहित्यकारों को सिरसा में किया गया सम्मानित

**रोहतक।** सिरसा के मूर्धन्य साहित्यकार प्रो. रूप देवगुण की अध्यक्षता में संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच सिरसा द्वारा आयोजित किए गए अखिल भारतीय लघुकविता सम्मेलन 2025 में रोहतक के पांच साहित्यकारों आशा खत्री 'लता', डॉ. रमाकांता, अर्चना कोचर, डॉ. चन्द्रदत्त शर्मा एवं डॉ. अंजना गर्ग को लघुकविता के विकास एवं संवर्द्धन में महत्त्वपूर्ण योगदान देने को प्रकृति-प्रेम लघुकविता सम्मान -2025 से सम्मानित किया गया। छह लघुकविता-संग्रहों का लोकार्पण भी किया गया। रोहतक के साहित्यकारों ने डॉ. मधुकांत के नेतृत्व में रोहतक से हिसार, अग्रोहा एवं सिरसा में हरियाणवी बोली को भाषा का दर्जा दिलवाने की दिशा में अभियान चलाते हुए गोष्ठियों, साहित्यकार मिलन समारोह आयोजित करते हुए 'हरियाणवी भाषा चेतना यात्रा' की, जिसकी संयोजक डॉ. रमाकांता थी।

## भाटिया हाई स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत



**रोहतक।** एकता कॉलोनी स्थित भाटिया हाई स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मुख्य अध्यापिका अंजू चावला ने बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक सुमित चावला ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने इसका श्रेय परीक्षा देने वाले बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और स्कूल स्टाफ को दिया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल स्टाफ से राकेश, अरुणा, आशा, नेहा, साक्षी, मंजू, निशा, पूनम, श्वेता, सीता, निर्मला, सुषमा, रीना आदि उपस्थित रहे।

# लिव इन रिलेशनशिप ने बिगाड़ा समाज का ताना बानाः खाप

महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत कई बार कर चुकी है हिन्दू विवाह अधिनियम में बदलाव की मांग उठाई

**महम।** महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। बैठक में पंचायत पदाधिकारियों ने कहा कि लिव इन रिलेशनशिप ने समाज का ताना बाना बिगाड़ दिया है। जिससे आज की युवा पीढ़ी भ्रमित हो रही है। मुंढाल तपा प्रधान दिलावर सिंह ने कहा कि हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 में बदलाव की मांग खाप पंचायतें कई सालों से कर रही हैं। लेकिन केंद्र व हरियाणा सरकार समाज हित के मुद्दों पर कोई कार्रवाई न कर समाज को बर्बादी की तरफ ले जा रही है। गांव गुहाण्ड व समगौत्र विवाह पर प्रतिबंध लगाने को लेकर खाप पंचायतें लगातार मांग करती रही हैं। दिलावर सिंह ढुल ने कहा कि हरियाणा की परम्पराएं संस्कृति व संस्कार अलग हैं। सरकार अपने स्तर पर समाज का तानाबाना बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए। मौके पर खाप प्रधान सुभाष, महाबीर सिंह, रामफल राठी, कृष्ण, शमशेर सिंह सोरखी व प्रताप मुंढाल मौजूद रहे।



# बीटी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**रोहतक।** झज्जर रोड स्थित बीटी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल कोऑर्डिनेटर अमृता शर्मा और पूनम कौशिक ने बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक सुमित चावला ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**यह रहे मौजूदः** उन्होंने इसका श्रेय परीक्षा देने वाले बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और स्कूल स्टाफ को दिया। इस अवसर पर प्रीति जांगड़ा, अनु, दीक्षा, योगिता, काजल, गीता, अंजलि, रानी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, श्री धर्मपाल पुत्र सूरजभान निवासी गांव इस्माइला, 11बी, तहसील सांपला, जिला रोहतक, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र हर्ष व पुत्रवधु नेहा राठी मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हर्ष व उसकी पत्नी नेहा राठी अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

## परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत रहा

### न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ की दसवीं कक्षा की छात्रा रीनू ने प्राप्त किए 500 में से 487 अंक

**रोहतक।** न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत रहा। दसवीं कक्षा के सभी छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल के 30 छात्रों में से 20 छात्रों ने मेरिट में अपना स्थान बनाया। दसवीं कक्षा की छात्रा रीनू ने 500 में से 487 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रीया ने 479 अंक प्राप्त कर दूसरा और प्रिंस ने 466 अंक तथा अंकित ने भी 466 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के दस छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक तथा बीस छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सब्जेक्ट टॉपर छात्रों में प्रिंस ने शारीरिक शिक्षा विषय में 100 अंक, रीनू ने गणित व अंग्रेजी विषय में 99 अंकर, रीया ने विज्ञान व हिन्दी विषय में 93 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। स्कूल निदेशक विरेन्द्र हुड्डा व प्रिंसीपल सोनिया दुहन ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरैटी का शानदार परीक्षा परिणाम, गांव और विद्यालय का मान



**रोहतक।** छात्राओं को फूल माला पहनाकर स्वागत करते प्राचार्या सुनीता देशवाल व अन्य स्टाफ।

रोहतक। हरियाणा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणामों में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरैटी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिससे समूचे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। विद्यालय की कुल 20 छात्राओं ने परीक्षा दी, जिनमें से 9 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया और 9 छात्राओं ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए। ईशांत ने 88.6 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनामिका ने 88 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान और खुशी ने 87.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस सफलता पर गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। सरपंच जगबीर सिंह, समाजसेवी महिपाल, दयानंद, अजीत सिंह, सहेन्द्र पाल, और सुदेश कुमार ने मेधावी छात्राओं को मिठाई खिलाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें भविष्य में भी निष्ठा और मेहनत के साथ पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा दी। प्राचार्या सुनीता देशवाल ने छात्राओं की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में अंजू रानी, संगीता हुड्डा, सोमवती, रमा शर्मा, कविता, सुमित्रा देवी, रितिका, रचना सैनी, अजय कुमार, अजय कुमार डीपी, नेहा शर्मा, सुमन और भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला संगठन आयुक्त बलराज आर्य भी उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### लाल डोरा सम्पति प्रमाण पत्र के लिए लगाया कैंप

**महम।** नपा महम की तरफ से बड़ा गुरुद्वारा महम में सार्वजनिक कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें लाल डोरा स्वामित्व प्रमाण-पत्र देने, स्वयं प्रमाणित और प्रोपर्टी आईडी में त्रुटियों को दूर करने बारे बताया गया। जिसमें नगरपालिका गृहकर लिपिक आशीष व लिपिक प्रिंस द्वारा वार्ड न० 10,11 व वार्ड 15 के व्यक्तियों को लाल डोरा सम्पति प्रमाण-पत्र बारे जानकारी दी गई। कैम्प में प्रॉपर्टी दुरुस्ती से सम्बधित 3 आवेदन प्राप्त हुए। अब तक 55 लाल डोरा सम्पति प्रमाण-पत्र वितरण किए जा चुके है।

### आर्य समाज ने दी देश को नई दिशा :जांगड़ा

**महम।** राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा भारत वर्ष के इतिहास में हवन यज्ञ केवल परंपरा नहीं बल्कि इसमे संपुर्ण सनातन धर्म का ज्ञान और विज्ञान है। रामचंद्र जांगड़ा हलका महम के गांव मोखरा में आर्य समाज द्वारा स्कूल द्वारा आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में पंहुचे थे। सांसद ने कहा कि आर्य समाज ने भारतीय समाज को नई दिशा दी है। सांसद जांगड़ा ने गांव मोखरा में विकास के लिए भी कई घोषणा की। इस दौरान उनके साथ महंत सतीश दास ने भी सभी गांव वासियो को संबोधित किया।

# 2023 के लिए 1243 लिंगानुपात के साथ भैणी चंद्रपाल बेस्ट विलेज

## गांव की 10वीं कक्षा की तीन छात्राओं को वितरित किए डेढ़ लाख रुपये के चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जिला निवासी, पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ता जिला के लिंगानुपात को बढ़ाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने वर्ष 2023 में सर्वाधिक लिंगानुपात वाले गांव भैणी चंद्रपाल को बेस्ट विलेज अवार्ड के तौर पर गांव की 10वीं कक्षा की प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को एक लाख 50 हजार रुपए के चेक वितरित किए। उन्होंने ग्राम पंचायत के सरपंच व पंचों, स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं को प्रशंसा पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

धर्मेंद्र सिंह स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में बेस्ट विलेज अवार्ड के सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिला स्तर पर सबसे ज्यादा लिंगानुपात वाले ऐसे गांव को डेढ लाख रुपए की राशि पुरुस्कार के रूप में दी जाती है, जिसकी जनसंख्या 5 हजार से अधिक हो। उन्होंने वर्ष 2023 के लिए 1243 लिंगानुपात वाले गांव भैणी चंद्रपाल को डेढ लाख रुपए की राशि के चेक वितरित किए। भैणी चंद्रपाल गांव की संख्या 6090 थी तथा वर्ष 2023 के दौरान जनवरी से दिसंबर तक 41 लड़के एवं 51 लड़कियों ने जन्म लिया। वर्ष 2023 में गांव का लिंगानुपात 1243 दर्ज किया गया, जो जिला में प्रथम स्थान पर रहा। यह राशि संबंधित वर्ष में 10वीं कक्षा में प्रथम स्थान, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को दी गई।



**रोहतक।** छात्राओं को सम्मानित करते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ,सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र व लाखनमाजरा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र ने उपायुक्त को पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बेस्ट विलेज अवार्ड के तौर पर जिला में सबसे ज्यादा लिंगानुपात वाले गांव में 10वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली छात्राओं को क्रमशः 75 हजार, 45 हजार तथा 30 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है ताकि अन्य गांवों को प्रोत्साहन मिले। प्रसव पूर्व लिंग जांच व कन्या भ्रूण हत्या की सही जानकारी देने वाले व्यक्ति को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक लाख रुपए का ईनाम दिया जाता है तथा पहचान भी गुप्त रखी जाती है।

### 11 पर एफआईआर

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी 12 एमटीपी केंद्रों व सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे जिला के लिंगानुपात को सुधारने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे है। जिला में पीएनडीटी के तहत 11 एफआईआर भी दर्ज की गई है।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की दिलवाई शपथ** :डॉ. विश्वजीत ने उपस्थिगण को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई। उन्होंने बेटी के प्रति किसी भी प्रकार का भेद-भाव न करने, भ्रूण लिंग जांच न खुद करवाने और न ही किसी को प्रोत्साहित करने, ऐसी किसी भी सूचना को स्वास्थ्य विभाग से सांझा करने और महिलाओं के विरुद्ध होने वाले किसी भी अपराध को रोकने का यथासंभव प्रयास करने की शपथ दिलवाई। स्वास्थ्य विभाग के एमपीएचएस देवेंद्र कुमार, एलएचवी राजकुमारी, एमपीएचडब्ल्यू महेंद्रपाल सिंह, एमपीएचडब्ल्यू नरेश कुमारी व ज्योति, आशा कार्यकर्ता अमिता, रेखा, सुदेश, कविता, राजेश, प्रवीन तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ऊषा, कमला, प्रोमिला, राजबाला, बिमला, कलावती व संतोष को भी सम्मानित किया गया।

### इन्हें किया सम्मानित

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने भैणी चंद्रपाल की तीन छात्राओं को डेढ़ लाख रुपए के चेक वितरित किए, जिन्होंने शैक्षणिक स्तर 2022-23 में 10वीं कक्षा में उच्च स्थान प्राप्त किया था। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पायल पुत्री अजमेर को 75 हजार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली आरती पुत्री राजपाल को 45 हजार तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली वर्षा पुत्री पप्पू को 30 हजार रुपए के चेक वितरित किए गए। लाखनमाजरा के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रणवीर सिंह, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम वर्मा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहित गिल के अलावा गांव के सरपंच शिवराम, पंच राजबीर सिंह, मनीषा, राजसिंह संगीता, यशवीर सिंह, रिंकू रानी, कुलवीर सिंह, रीना, बंटी, लक्ष्मी, राजेंद्र सिंह, पूजा, राजबाला, लक्ष्मी, कर्मवीर सिंह व राजकुमार को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।



**रोहतक।** बैठक लेते वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमला वर्मा ।

# बेटा हो ना हो, बेटी अवश्य होनी चाहिए : डॉ. वर्मा

■ कलानौर में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान को लेकर संयुक्त बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपमंडल नागरिक अस्पताल, कलानौर में सोमवार को वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कमला वर्मा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की सफलता हेतु विभाग के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्हें समान अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

डॉ. वर्मा ने कहा बेटा हो ना हो, बेटी अवश्य होनी चाहिए, और बताया कि आज के आधुनिक युग में बेटियां हर क्षेत्र में बेटों के समान, बल्कि कई बार उनसे आगे भी हैं। एक सशक्त और संतुलित समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है कि बेटियों को जीवन का अधिकार मिले और वे अपने सपनों को साकार कर सकें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी गर्भवती महिलाओं का आठ सप्ताह के भीतर पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाए। आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर और एएनएम को गर्भवती महिलाओं की 'सहेली' बनकर उन्हें सहयोग देने का आह्वान किया गया। ब्लॉक एक्सटेंशन एजुकेटर जसवीर रंगा ने बताया कि बेटियां आज पढ़ाई, खेल, परिवार की सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसे हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने पीसीपीएनडीटी अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया कि भ्रूण लिंग जांच करवाना या करवाने में सम्मिलित पाया जाना अपराध है।

यदि कोई व्यक्ति इस तरह की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देता है और वह सूचना सही पाई जाती है, तो उसे एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाता है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। इस दौरान एसएमओ डॉ. संजीव कुमार मलिक, आरएमओ डॉ. तेज सिंह, डॉ. सतीश रोहिल्ला, हेल्थ इंस्पेक्टर सतीश कुमार, दर्शन कुमार बैक, सूचना सहायक पूजा, लेखाकार संगीता, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू उपस्थित रहे।

# महम को मिलेगा नया बस स्टैंड चार माह में तोड़ा जाएगा पुराना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महम के लोगों के लिए राहत भरी खबर यह है कि महम का पुराना बस स्टैंड का भवन तोड़कर उसे जल्द नया बनाया जाएगा। इसके लिए प्रक्रिया में जल्द तेजी लाई जाएगी। फिलहाल इसके लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ली गई है। यहीं नहीं ठेकेदार को पुराने भवन को तोड़ने के लिए चार माह का समय भी दिया गया है। इसके लिए जल्द ही अस्थाई रूप से बस स्टैंड को चलाने के लिए अन्य विकल्प तलाशे जा चुके हैं। ताकि यात्रियों को एक ही जगह से सभी रूटों के लिए बसें मिल सकें। उन्हें परेशान न होना पड़े।

बता दें कि अभी कुछ दिन पहले ही बस स्टैंड के जर्जर भवन को तोड़ने के लिए बोली लगाई गई थी। जिसमें यह बोली 2 लाख 90 हजार रुपये तक गई है। जिस ठेकेदार ने यह काम लिया है, उसे यह काम पूरे चार माह में करना होगा। ताकि जल्द से जल्द नए भवन के निर्माण की प्रक्रिया भी तेजी से हो सकें। हालांकि जब तक पुराने भवन को तोड़ा जाएगा तब तक नए भवन की अप्रूवल भी मिल जाएगी। महम बस स्टैंड का भवन काफी जर्जर हो चुका है। हालात इतने खराब हो चुके थे कि यात्रियों को उसके नीचे खड़े होने में डर लगने लगा था। यहीं नहीं यात्रियों ने इसके लिए पूर्व में शिकायतें तक की थी। उन्हीं शिकायतों के आधार पर इसके नए भवन का निर्माण होगा। पिछले वर्ष नवंबर माह में छत का प्लास्टर तक नीचे गिर गया था। जिससे कोई हताहत नहीं हुई थी। जिस समय वह प्लास्टर नीचे गिरा वहां पर आमजन मौजूद नहीं थे।



### हो चुकी है बोली

कुछ दिन पहले हुई बोली में इसको तोड़ने का टेंडर हुआ है। ठेकेदार को चार माह का समय दिया गया है। ताकि इसे तोड़ने के बाद आगामी प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जा सकें।

**-हंसराज सिंह,** संस्थान प्रबंधक, रोडवेज डिपो

# पुलिस लाइन में जवानों को करवाया गया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस लाइन में जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। योग प्रशिक्षक अमित (आयुष विभाग) ने जवानों ने अलग-अलग प्रकार के व्यायामों के अभ्यास कराया। योग की शुरुआत प्राणायाम से की गई।

जवानों ने योग आसन का भी अभ्यास किया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानो को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया और योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।



# 70 साधक व साधिकाओं ने योगाभ्यास किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय योग संस्थान की ओर से सुभाष पार्क सुभाष नगर मे चल रहे तीन दिवसीय हड्डी रोग निवारण निशुल्क शिविर के पहले दिन 70साधक -साधिकाओं ने योगाभ्यास किया।भारतीय योग संस्थान के अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं व अधिकारी गणों द्वारा योग अभ्यास करवाया गया और आरडब्ल्यूए सुभाष नगर से प्रवीन सहगल ने बताया कि सूक्ष्म क्रियाओं,आसन, प्राणायाम व हंसी के माध्यम से हड्डी से सम्बंधित रोगों वास्ते सभी को इस योग शिविर मे भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लें और सभी ने एकांत व शांति से प्रसन्नता से भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ लिया।



# पंच-सरपंच उप चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**रोहतक।** जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने पंच सदस्यों तथा सरपंच के उप चुनाव करवाने के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी की। इसमें पंचायत वार रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी का नाम व पद, नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि, उम्मीदवारों द्वारा उनकी अयोग्यता ना होने बारे सूचना रिटर्निंग अधिकारी को देने की तिथि, नामांकन पत्रों की जांच की तिथि, नामांकन पत्रों की वापसी की तिथि आदि का समय, स्थान व तिथि को दर्शाया गया है। नोटिस के अनुसार नामांकन भरने की तिथि 24 से 30 मई (25 और 29को छोडक़र) तक प्रातः 10 बजे से सांय 3 के बीच है। इसके उपरान्त नामांकन पत्रों की छानबीन करने की तिथि 31 मई को प्रातः 10 बजे से सांय तक की जाएगी। उम्मीदवारों की नामांकन वापिस लेने की तिथि 2 जून को सांय 3 बजे तक होगी। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने की तिथि 2 जून को सांय 3 बजे के बाद। चुनाव लड़ने वाले अभ्यार्थियों की सूचि चस्पा करने की तिथि 2 जून तुरन्त चुनाव चिन्ह आवंटित करने के बाद है।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले दो युवक काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने रैनकपुरा निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात को हल करते हुए वारदात में शामिल रहे दो आरोपियो को गिरफ्तार किया। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

थाना सिविल लाइन की एसआई अंकिता ने बताया कि रैनकपुरा निवासी प्रवीण की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि प्रवीन पुरानी गाड़ियों के सेल परचेज की काम करता है। हैफेड चौक के पास प्रवीण ने ऑफिस किया हुआ है। करीब एक माह पहले रैनकपुरा में गाडी हटाने को लेकर मोनू के साथ कहासुनी हुई थी। 16 मई को जब प्रवीण व उसका दोस्त प्रवीण ऑफिस से बाहर आये तो ऑफिस के बाहर 2 गाडियों मे करीब 8 से 10 लड़के आए। मोंटी ने अपने हाथ में लिया हुआ डंडा प्रवीण के सर पर मारा। डंडा लगने के बाद प्रवीण गिर गया। मोनू ने प्रवीण पर गोली चला दी। प्रवीण अपने बचाव मे ऑफिस के अंदर चला गया व बेहोश हो गया।

मामले की जांच एएसआई अशोक द्वारा की गई। जिसके बाद आरोपी मोंटी निवासी शीतल नगर व सौरभ उर्फ मोनू निवासी रैनकपुरा को गिरफ्तार किया गया है।

# निखिल ने मां की आंखें की दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सामान्य अस्पताल के नेत्र विभाग को एक नेत्रदान की प्राप्ति हुई। निखिल कुमार ने पूर्व नेत्र आधिकारी नीरज कुमार दुआ के माध्यम से पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा से संपर्क किया और अपनी माता की आंखों को दान करने की इच्छा जाहिर की । उन्होंने तुरंत नेत्र विभाग इंचार्ज डॉक्टर अश्विनी नगर से संपर्क किया। जिन्होंने टीम गठित कर नेत्र अधिकारी अमित बंसल ,डॉ मनोज एवं सुमित कुमार सहायक को नेत्र प्राप्ति के लिए भेजा।

पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने शिवाजी कॉलोनी उनके आवास पर जाकर टीम के के साथ नेत्रों को प्राप्त कर नेत्र बैंक मेडिकल कॉलेज में जमा करवाया। इस अवसर पर पूर्व नेत्र अधिकारी नीरज दुआ, उनके नाती दीपू रानी, समाज समाज सेवक जगत सिंह गिल, राजेंद्र शर्मा, डॉ गोपाल कृष्ण प्रमोद नांदल, शमी वर्मा ,पंडित रोशन लाल शर्मा के अलावा उनके अनेक पारिवारिक मित्र एवं सहयोगी नेत्रदान के समय उपस्थित रहे।



बैठक | अधिकारियों के साथ आयुक्त ने की बैठक

# जटिलताओं से बचने के लिए संपत्ति सूचना का स्वत प्रमाणीकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि संपत्ति संबंधी विवादों और जटिलताओं से बचने के लिए नागरिकों को अपनी संपत्ति की जानकारी का स्वत प्रमाणीकरण अवश्य कराना चाहिए। इस कार्य को लेकर सोमवार को नगर निगम के संपत्तिकर शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें लंबित आवेदनों की समीक्षा भी की गई।

आयुक्त डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया बेहद महत्वपूर्ण है और इसमें आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। संपत्तिधारकों को जागरूक किया जा रहा है कि यदि वे अपनी संपत्ति की सूचना को स्वत प्रमाणित करवा लेते हैं, तो भविष्य में उनके मालिकाना हक से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या से बचा जा सकता है। प्रमाणीकरण के बाद संपत्ति मालिक के अतिरिक्त कोई भी अन्य व्यक्ति संबंधित प्रॉपर्टी आईडी पर न तो आवेदन कर सकता है और न ही उससे संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। इतना ही नहीं, प्रमाणीकरण के बाद कोई अन्य व्यक्ति उस संपत्ति आईडी पर नो ड्यूज सर्टिफिकेट भी नहीं निकाल सकता। बैठक में संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व संपत्तिकर शाखा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** नगर निगम के संपत्तिकर शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक लेते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### घर घर पहुंच रहे कर्मचारी

नगर निगम द्वारा इस कार्य को तेज गति से संपन्न कराने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निगम के कर्मचारी फील्ड में घर-घर जाकर संपत्ति की जानकारी का प्रमाणीकरण करवा रहे हैं। आयुक्त ने आमजन से अपील की कि वह इस अभियान में निगम का सहयोग करें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

SHEETAL SPORTS SR. SEC. SCHOOL
(Affiliated to CBSE, New Delhi via Code -530637) (English Medium Co-Education School)
Village Kiloi, Rohtak, Haryana-124401
100% Result
Shining Stars Class 12th
Aarti 94%
Akanksha 93.4%
Aarchi 86.2%
Mehak 83.2%
Deepasha 81.4%
Shining Stars Class 10th
Mahak 90.2%
Avina 86%
Mahima 82.4%
Piyush 78%
Hunny 77.6%
Mr. Anil Hooda (Principal)
Heartiest congratulations to the students, Parents, Teachers and Well-wishers.
Ph.: 9813911200, 9053111400